**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 04 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

केन्द्रीय आम बजट में हरियाणा में रेलवे परियोजनाओं के लिए 3 हजार 416 करोड़ रुपए मिले हैं जो वर्ष 2009 से 2014 तक मिले 315 करोड़ रुपए के बजट से 11 गुना अधिक है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया --

उन्होंने बताया कि इस धनराशि से प्रदेश में रेल संरचना का विस्तार होगा।श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि हरियाणा के 34 रेलवे स्टेशनों को 1149 करोड़ रुपए की राशि से अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद तथा गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को विकसित करने की योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। रेलमंत्री ने बताया कि वर्ष 2014 से अब तक हरियाणा में 823 किमी रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं जो संयुक्त अरब अमीरात के समस्त रेल नेटवर्क के बराबर है। उन्होंने कहा कि बजट में रेलवे को बहुत बड़ी राशि आबंटित की गई है -

केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा में वर्तमान में 14 नए रेलवे ट्रैक पर काम जारी है। नए 1195 किमी ट्रैक बिछाने पर 15,875 करोड़ रुपए खर्च होंगे।वहीं रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए कवच परियोजनाओं के तहत 398 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। इस समय में हरियाणा को पांच वंदे भारत एक्सप्रेस रेल गाड़ियों की कनेक्टिविटी मिली है।

*************************************************************************

भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि पिछले महीने की 31 तारीख तक केवल 6 हजार, 577 करोड़ रुपये मूल्य के 2000 **रूपये** के बैंक नोट प्रचलन में रह गए हैं। रिजर्व बैंक की ओर से जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि मई 2023 में कुल 3 लाख 56 हजार करोड़ मूल्य के दो हजार रुपये के नोट प्रचलन में थे।रिजर्व बैंक ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की थी, और लोगों से 7 अक्तूबर 2023 तक इन्हें बैंकों में जमा करने या बदलने का आग्रह किया था। रिजर्व बैंक ने लोगों से कहा है कि वे अभी भी भारतीय डाक के माध्यम से आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में से किसी पर भी 2000 रुपये के नोट जमा कर सकते हैं या बदल सकते हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कल शाम अम्बाला में अम्बाला-नारायणगढ़ सड़क पर ओवरलोडिड वाहनों की जांच की । उन्होंने कई ट्रकों को रुकवा का खुद उनके दस्तावेजो की

जांच की। कई ट्रक चालक मौके पर अपने दस्तावेज नहीं दिखा पाए तथा कई वाहनों में अनियमितताएं पाई गई। जिन वाहनों के कागज सही नहीं पाए गए उन्हें पुलिस द्वारा जब्त किया गया।पत्रकारों से बातचीत के दौरान परिवहन मंत्री ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने आरटीए को ओवरलोडिड वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई को कहा था। आज उन्होंने स्वयं जांच की और मौके पर आरटीए व पुलिस को बुलाया। उन्होंने कहा कि लगभग एक दर्जन गाड़ियों के दस्तावेज अधूरे पाए गए जोकि मिट्टी खोदकर ला रहे थे और उनके पास मिट्टी खोद कर लाने की आज्ञा संबंधी कोई दस्तावेज नहीं पाया गया ।श्री विज ने कहा आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

***********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने डी.एल.एड.के छात्र-अध्यापकों को इस माह होने वाली परीक्षा में मर्सी चांस दिया है। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि यह मर्सी चांस डीएलएड प्रवेश वर्ष 2020 व 2021 के उन छात्र-अध्यापकों को दिया है जिनका डिप्लोमाप्रथम व द्वितीय वर्ष में एक यां अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने के कारण पूर्णनहीं हुआ है। इन छात्र अध्यापकों को प्रत्येक वर्ष की परीक्षा के लिए 1000 रूपये परीक्षा के साथ 07 फरवरी तक ऑफलाइन आवेदन करना होगा।